# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)
रविन्द्र कुमार, बि०शि०से०
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-.....1258.....

सेवा में,

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
जिला- वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-....18/6/2026

विषयः- दिनांक 22 जून, 2026 से 27 जून, 2026 तक कक्षा 1 से 8 के सभी विद्यालयों में स्वागत सप्ताह (Back to School Week) आयोजित किए जाने के संबंध में।

प्रसंगः- निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक- 1908 दिनांक- 17.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में अंकित करना है कि ग्रीष्मावकाश के उपरांत विद्यालय खुलने पर विद्यार्थियों की उपस्थिति में होने वाली कमी को दूर करने तथा उनका विद्यालय से भावनात्मक एवं शैक्षणिक जुड़ाव स्थापित करने हेतु राज्य स्तर से 'स्वागत सप्ताह (Back to School Week)' का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य थीम 'हर बच्चे का स्वागत, हर सपने का सम्मान' है।

अतः आप सभी को निदेशित किया जाता है कि अपने-अपने प्रखंड अंतर्गत आने वाले सभी प्रारंभिक विद्यालयों में दिनांक 22.06.2026 से 27.06.2026 तक उक्त कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम हेतु मुख्य बिंदुः-

1. विद्यालय प्रवेश द्वार को सजाना एवं बच्चों का आत्मीय स्वागत करना ।
2. लाउडस्पीकर के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित करना।
3. चेतना सत्र में प्रेरक संवाद, कहानी एवं स्थानीय प्रेरक व्यक्तियों का जीवन परिचय साझा करना।
4. दैनिक थीम आधारित गतिविधियाँ (जैसे- स्वागत एवं पुनर्मिलन, मेरा सपना मेरी उड़ान) आयोजित करना।
5. कार्यक्रम के अंतिम दिन (27.06.2026) अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन करना।



Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त स्वागत सप्ताह की गतिविधियों के फोटो एवं वीडियो विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सके। आप सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंडों में इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे तथा विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों की उपस्थिति एवं सहभागिता का अनुश्रवण करेंगे। विद्यालय शिक्षा समिति एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराएंगे।

विश्वासभाजन

18.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

18.6.26

ज्ञापांकः-....1258......... हाजीपुर दिनांकः-...18/6/2026..............

प्रतिलिपिः- सभी प्रारंभिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, वैशाली को सूचनार्थ एवं उक्त कार्यक्रम को अपने विद्यालय में अनिवार्य रूप से आयोजित करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक एवं समग्र शिक्षा,वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

18.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

18.6.26

Scanned with OKEN Scanner